# विधान सभा सचिवालय
# मध्यप्रदेश
# समाचार

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं विधान सभा अध्यक्ष श्री नरेद्र सिंह तोमर की उपस्थिति में नवीन विधायक विश्रामगृह निर्माण का भूमि पूजन

भोपाल, 20 जुलाई

माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में एवं माननीय विधान सभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में 21 जुलाई 2025, सोमवार को प्रात: 10.30 बजे नवीन विधायक विश्राम गृह निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय संसदीय कार्य एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, माननीय लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह एवं अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, माननीय सदस्यगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विधान सभा के माननीय सदस्यगणों के निवास के लिए अरेरा हिल्स पर विधायक विश्रामगृह का निर्माण 1958 में किया गया था। लगभग 67 साल पुराने इन भवनों में से अधिकांश की स्थिति जीर्णशीर्ण होने लगी हैं। कई भवनों में बारिश का पानी टपकने एवं प्लास्टर उखड़ने की समस्या का सामना भी माननीय सदस्यगणों को करना पड़ता है। पुराने आवास तब की वास्तुशिल्प योजना पर तैयार किए गए थे, वर्तमान में स्थानीय आवश्यकताओं एवं सुविधाओं की इन आवासों में कमी थी।

माननीय सदस्यगणों के लिए 102 फ्लैट बनाने का निर्णय मध्यप्रदेश शासन ने कैबिनेट बैठक में 10 माह पूर्व लिया गया था। माननीय सदस्यगणों के लिए नवीन आवास विधायक विश्राम गृह के खंड एक और पुराने पारिवारिक खंड के साथ शॉपिंग कॉम्पलेक्स को तोड़कर उसी स्थान पर किया जाएगा। इस परियोजना की लागत लगभग 159.13 करोड़ रुपए है।

माननीय सदस्यगणों को नवीन आवास में लगभग 2600 स्क्वायर फिट क्षेत्र में तीन बेडरूम, ड्राइंग रूम, किचन, वॉशरूम आदि से युक्त सर्वसुविधायुक्त आवास की सुविधा प्रदान की जा सकेगी। इसमें सदस्यगणों के लिए कार्यालय, निजी स्टॉफ एवं पीएसओ कक्ष की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। बैडरूम फर्नीचरयुक्त तैयार किए जाएंगे।

इन फ्लेट्स के लिए 10 मंजिला इमारतों के 5 ब्लॉक्स बनाए जाएंगे। जिनमें हवा, प्रकाश, हरित पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा जाएगा। परिसर में सोलर उर्जा प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। निर्माण क्षेत्र में आने वाले वृक्षों को तकनीकी के माध्यम से अन्यत्र स्थापित किया जाएगा।

विस/जसं/ 25

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव